मुझे तेरी बड़ी है दरकार संवारे

बाह मेरी भी पकड़ इक बार संवारे
मुझे तेरी बड़ी है दरकार संवारे
मेरी नैया है बीच मजधार संवारे ,
आके मुझको लगा दे उस पार संवारे
मुझे तेरी बड़ी है दरकार संवारे

मेरा तुझपे भरोसा बड़ा भारी है लोग केहते तुझे दातारी है
मेरी बारी क्यों देर लगाई संवारे,
तेरीयाद में आँखे भर आई संवारे
मेरे आंसुओ को देख इक बार संवारे
मुझे तेरी बड़ी है दरकार संवारे

जिसने भावो से तुझको मनाया है
मेरे संवारे उसी ने तुझे पाया है,
नजरे मुझ पे भी कर मेरे श्याम संवारे
मेरे दिल का यही है अरमान संवारे
तुझे मिलने को दिल बेकरार संवारे
मुझे तेरी बड़ी है दरकार संवारे

बड़ी आस लेके दर तेरे आया हु
सारी दुनिया का संवारे सताया हु
अपने सीने से लगा ले इक बार संवारे
तेरे दास की तू सुन ले पुकार संवारे,
राज मित्तल पे कर उपकार संवारे
मुझे तेरी बड़ी है दरकार संवारे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19619/title/mujhe-teri-badi-hai-darkar-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |